the pioneer

LUCKNOW, FRIDAY FEBRUARY 2, 2018;

# Budget live organised

PIONEER NEWS SERVICE ■ VARANASI

Budget Live was organised in School of Management Sciences (SMS) here on Thursday, involving the post-graduate management students apart from the faculty members of the institute. After the live telecast of the Union Budget presented by the Finance Minister Arun Jaitely, Dr Raghuvir Kaur (Assistant Professor) highlighted the provisions in the health care sector and said that only few countries in the world have opened up avenues for its citizens in the social security involving food and healthcare. She opined that the announcement of National Health Protection Scheme, which is aimed to eventually benefit around 50 crores people is a unique and bold step by Modi-led Government at the Centre.

Amit Kishore Sinha (Assistant Professor) discussed the fiscal data of the finance bill and explained to the students how these could lead to better GDP growth in the time to come. No major change in the direct taxation is another indicator of the government's move towards financial consolidation which has been witnessed also through recapitalisation measures done by the government in the banking sector.

Kartikeya Singh (Assistant Professor) commented on the provisions in the educational sector involving the integrated BEd programme, Eklavya programme, RISE and PM Fellow Scheme for engineering researches and teaching saying that these would have a positive impact in the teaching-learning quality in the country.

The Dean (R&D) Prof Alok Kumar said that this budget could be a boon to the agricultural and the MSME sectors as the mentioned provisions give an indicator about the upcoming innovations and expected revolutions in the blue, green and the brown economies involving agriculture and bamboo economy respectively.

दैनिक जागरण
शनिवार, 3 फरवरी, 2018

# नेशनल हेल्थ प्रोटेक्शन स्कीम को सराहा

जागरण संवाददाता, वाराणसी : स्कूल आफ मैनेजमेंट साइंसेज में गुरुवार को बजट लाइव का आयोजन किया गया। इस पर सभागार में बजट सत्र के बाद परिचर्चा हुई। इसमें डा. रघुवीर कौर ने कहा कि इस बजट में कई ऐसे प्रावधान है जो देश में पहली बार हो रहे हैं। इसमें विशेषकर स्वास्थ्य संबंधित नेशनल हेल्थ प्रोटेक्शन स्कीम है। इससे करीब 50 करोड़ लोग लाभान्वित होंगे। साथ ही सरकार स्वास्थ्य के माध्यम से डेमोग्राफिक डिविडेंड प्राप्त करने की मंशा है।

इसके अलावा 24 नए सरकारी मेडिकल कालेज खोलने की भी घोषणा की गई है। इससे देश में चिकित्सकों की कमी दूर होगी। डा. अमित किशोर सिन्हा ने बताया कि देश संसाधनों के मध्य विकास की ओर अग्रसर है। इस मौके पर प्रो. आलोक कुमार, कुलसचिव संजय गुप्ता, प्रो. पीएन झा आदि मौजूद थे।

राष्ट्रीय सहारा
शुक्रवार • 2 फरवरी • 2018

# गरीब, कृषि व ब्लू इकोनॉमी से जुड़े लोगों के लिए विशेष

**वाराणसी।** स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (एसएमएस) में गुरुवार को बजट लाइव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभागार में बजट सत्र के 'लाइव टैलीकॉस्ट' के पश्चात अरूण जेटली द्वारा प्रस्तुत बजट पर परिचर्चा हुयी। सहायक प्रोफेसर डॉ. रघुवीर कौर ने कहा कि इस बजट में कई ऐसे प्रावधान है जो कि देश में पहली बार हो रहे है। विशेषकर स्वास्थ्य से संबंधित नेशनल हेल्थ प्रोटेक्शन स्कीम की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि लगभग 50 करोड़ लोगों को लाभान्वित करने वाली इस योजना में सरकार द्वारा सामाजिक सुरक्षा के प्रावधान का पता चलता है जो कि विश्व के गिने-चुने देशों में ही उपलब्ध है। इसके अलावा 24 नये सरकारी मेडिकल कॉलेज खुलने की घोषणा भी सराहनीय है।



सहायक प्रोफेसर अमित किशोर सिन्हा ने फाइनेंस बिल के महत्वपूर्ण आंकड़ों का उल्लेख करते हुए बताया कि देश किस प्रकार से उपलब्ध संसाधनों के मध्य विकास की ओर अग्रसर है। जीएसटी के पश्चात आने वाले इस बजट में सरकार के लिए अच्छी बात यह रही कि डायरेक्ट टैक्स के आगमन में बढ़ोत्तरी हुयी है। सहायक प्रोफेसर कार्तिकिय सिंह ने शिक्षा की दशा एवं दिशा को सुधारने रिसर्च फैलो स्कीम सराहना करते हुए आशा व्यक्त की कि आने वाले समय में अध्ययन-अध्यापन में कुछ गुणवत्ता जरूर जुड़ेगी। कार्यक्रम के अंत में डीन (आर एण्ड डी) प्रो. आलोक कुमार ने कहा कि यह बजट विशेष है। गरीबों एवं कृषि तथा ब्लू इकोनॉमी से जुड़े लोगों के लिए वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट सराहनीय है। कार्यक्रम में कुलसचिव संजय गुप्ता के अलावा अध्यापकगंण एवं विद्यार्थी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रो. पीएन झा ने बजट कम्पटीशन की भी घोषणा की जिसमें विद्यार्थीगण बजट पर अपना दृष्टिकोण प्रस्तुतिकरण के माध्यम से रखेंगे।

inext
दैनिक जागरण
Varanasi, 2 February 2018

## एसएमएस में बजट लाइव पर चर्चा

**VARANASI:** स्कूल ऑफ मैनेज़मेंट साइंसेज (एसएमएस) में गुरुवार को बज़ट लाइव का आयोजन किया गया. इसमें असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रघुवीर कौर ने कहा कि इस बजट में कई ऐसे प्रावधान है, जो कि देश में पहली बार हो रहे है. विशेषकर स्वास्थ्य से संबंधित नेशनल हेल्थ प्रोटेक्शन स्कीम सराहना योग्य है. असिस्टेंट प्रोफेसर अमित किशोर सिन्हा ने कहा कि जीएसटी के बाद आने वाले इस बजट में सरकार के लिए अच्छी बात यह रही कि डायरेक्ट टैक्स के आगमन से बढ़ोत्तरी हुई है. असिस्टेंट प्रोफेसर कार्तिकेय सिंह व डीन प्रो. आलोक कुमार सिंह ने कहा कि यह बजट इंक्लूसिव है. कार्यक्रम में कुलसचिव संज़य गुप्ता, निदेशक प्रो. पीएन झा ने बजट कॉम्पटीशन की भी घोषणा की.

हिन्दुस्तान
वाराणसी, शुक्रवार, 02 फरवरी 2018

## एसएमएस में बजट पर चर्चा

- एसएमएस में बजट का सजीव प्रसारण किया गया
- चर्चा में कहा- बजट में कई प्रावधान पहली बार किए गए है


**वाराणसी।** एसएमएस में गुरुवार को 'बजट लाइव' का आयोजन किया गया। लाइव टेलीकास्ट के बाद बजट पर चर्चा की गई। सहायक प्रो. डॉ. रघुवीर कौर ने कहा कि इस बजट में कई ऐसे प्रावधान हैं, जो देश में पहली बार हो रहा है। डॉ. कौर ने नेशनल हेल्थ प्रोटेक्शन स्कीम को सराहा। सहायक प्रो. अमित किशोर सिन्हा ने फाइनेंस बिल के महत्वपूर्ण आंकड़ों को बताया। डीन प्रो. आलोक कुमार ने इस बजट को गरीबों, किसानों व मध्यम वर्ग का बताया। इस दौरान कुलसचिव संजय गुप्ता, संस्थान के निदेशक प्रो. पीएन झा, शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद थे।

काशीवार्ता

वाराणसी 2 फरवरी, 2018

# कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं नवसृजित रोजगार उन्मुख बजट

## एसएमएस में बजट लाइव कार्यक्रम के बाद हुई परिचर्चा



बजट लाईव कार्यक्रम में मौजूद लोग

वाराणसी (काशीवार्ता)। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइन्सेंज (एस.एम.एस.) में गुरुवार को 'बजट लाइव' आयोजन किया गया। तत्पश्चात बजट पर परिचर्चा भी हुयी। सहायक प्रो. डा. रघुवीर कौर ने कहा कि इस बजट में कई ऐसे प्रावधान है जो कि देश में पहली बार हो रहे हैं। विशेषकर स्वास्थ्य सम्बंधित नेशनल हेल्थ प्रोटेक्शन स्कीम की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि लगभग 50 करोड़ लोगों को लाभान्वित करने वाली इस योजना में सरकार द्वारा सामाजिक सुरक्षा के प्रावधान का पता चलता है जो कि विश्व के गिने चुने देशों में ही उपलब्ध है।

सहायक प्रो. अमित किशोर सिन्हा ने फाइनेंस बिल के महत्वपूर्ण आंकड़ों को उल्लेख करते हुये बताया कि देश किस प्रकार से उपलब्ध संसाधनों के मध्य विकास की ओर अग्रसर है।

### डायरेक्ट टैक्स के आगमन में बढ़ोत्तरी

जीएसटी के पश्चात आने वाले इस बजट में सरकार के लिए अच्छी बात यह रही कि डायरेक्ट टैक्स के आगमन में बढ़ोत्तरी हुयी है। सहायक प्रो. कार्तिकेय सिंह ने शिक्षा की दशा एवं दिशा को सुधारने हेतु किये गये प्रावधानों की सराहना करते हुए आशा व्यक्त की कि आने वाले समय में अध्ययन अध्यापन में कुछ गुणवत्ता जरूर जुड़ेगी। कार्यक्रम के अंत में डीन प्रो. आलोक कुमार ने कहा कि यह बजट 'इन्क्लूसिव' है। गरीबों एवं कृषि तथा ब्लू इकोनॉमी से जुड़े लोगों के लिये वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट सराहनीय है। सूक्ष्म एवं मध्यम सेक्टर के लिए भी यह बजट अच्छा है। कार्यक्रम में कुलसचिव संजय गुप्ता के अलावा अध्यापकगण एवं विद्यार्थी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रो. पीएन झा ने बजट कॉम्पटीशन की भी घोषणा की जिसमें विद्यार्थीगण बजट पर अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत करेंगे।